भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2882
बुधवार, 26 मार्च, 2025 (5 चैत्र, 1947, (शक)) को उत्तरार्थ

सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना

2882. श्रीमती धर्मशीला गुप्ताः
श्री दीपक प्रकाशः
श्रीमती रेखा शर्मा:
श्रीमती किरण चौधरी:
श्री मदन राठौरः
श्री नरहरि अमीन:
श्री रयाग कृष्णैयाः
श्री नारायण कोरगप्पा :

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या विशेष रूप से कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्र से संबंधित छात्रों के लिए मांग के आधार पर इंटर्नशिप सीटों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रावधान है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

(घ) क्या सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए, सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना और अन्य प्रमुख सरकारी पहलों जैसे स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत या डिजिटल इंडिया में कोई साझेदारी हुई है; और

(ड़) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) सहकारिता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत आने वाली एक सांविधिक निगम, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों को एनसीडीसी के कामकाज के मुख्य और विशेष क्षेत्रों में कार्य से संबंधित शिक्षण अनुभव प्रदान करना और सहकारिता के विकास में एनसीडीसी के योगदान और उपलब्धियों को प्रस्तुत करना है। यह योजना सभी पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए खुली है।

(ख) और (ग) एनसीडीसी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इस योजना के तहत इंटर्न की वर्तमान प्रवेश क्षमता प्रति वर्ष 180 है। हालांकि, एनसीडीसी उचित आवश्यकता/मांग होने पर इंटर्न सीटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर सकता है।

(घ) और (ड़) सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना देश में सहकारी क्षेत्र के विकास में कई तरह से महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह युवा पेशेवर स्नातकों को सहकारी अधिनियम के तहत संगठित किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के भीतर नेतृत्व और उद्यमशीलता की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित और सक्षम बनाने में मदद करती है। यह योजना इन स्नातकों को सहकारी व्यवसाय मॉडल से भी परिचित कराती है, उन्हें स्टार्ट-अप सहकारी समितियों की स्थापना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसके अतिरिक्त, यह योजना जरूरतमंद सहकारी समितियों को व्यवसाय योजनाएँ और परियोजनाएँ तैयार करने में मदद करके उन्हें बहुमूल्य सहायता प्रदान करती है, जिससे उनकी परिचालन क्षमताएँ मजबूत होती हैं और क्षेत्र के भीतर विकास को बढ़ावा मिलता है। अभी तक कोई साझेदारी नहीं हुई है।

सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को युवा पेशेवरों के नवीन विचारों से लाभान्वित करने में सक्षम बनाकर देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायता करना है, साथ ही प्रशिक्षुओं को इस क्षेत्र में मूल्यवान अनुभव प्रदान करना है ।

*****